## खबर संक्षेप

### विकासखंड बिछिया में जल गंगा संवर्धन अभियान



**भुआबिछिया।** मुख्यमंत्री मोहन यादव के आह्वान पर एवं जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड बिछिया जिला मंडला द्वारा जल संवर्धन अभियान की शुरुआत भगवान श्रीराम जी चरणों को प्रणाम कर के सभी के माध्यम से एनिकट स्थित खुलार नदी मे जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरचनाओं की स्वच्छता, नदी के घाट की साफ सफाई का कार्य किया गया आज के कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष रजनी मरावी अध्यक्ष, रणधीरसिंह राजपूत उपाध्यक्ष, एचआर कुरैशी उपयंत्री, पार्षद शशिकांत श्रीवास्तव, पार्षद, श्रीमती पूनम रजक पार्षद, चेतना राजपूत पार्षद, हर्षलता श्रीवास, प्रसन्न यादव स्वच्छता प्रभारी एवं CMCLDP मेंटर, CMCLDP छात्रो के सामूहिक सहयोग से जल गंगा संवर्धन अभियान जल संरक्षण अभियान अंतर्गत जल संरक्षण और पानी का दुरुपयोग ना करने की भी शपथ दिलाई गई।

### थाना घुघरी के जवानों ने बाईक से गिरकर घायल हुए व्यक्ति को पहुँचाया अस्पताल

**घुघरी।** मण्डला के थाना घुघरी क्षेत्र में मदनपुर गाँव में बाईक से गिरकर एक व्यक्ति घायल हो गया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 31-03-2025 को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल घुघरी थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ सैनिक माधव सिंह एवं पायलेट मोहित ने मौके पर पहुँचकर बताया कि बाईक से गिरकर एक व्यक्ति घायल हो गया था। डायल 112/100 जवानों ने घायल व्यक्ति को एफ आर व्ही वाहन से ले जाकर घुघरी अस्पताल में भर्ती करवाया।

## आज होगी मां के तीसरे रूप माता चंद्रघंटा की आराधना

# भक्त कर रहे शक्ति की आराधना

*** मंदिरों में हो रहा सप्तसती का पाठ**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला





शारदेय नवरात्र के दूसरे दिन माता ब्रम्हचारिणी की पूजा अर्चना की गई। देवी मंदिरों, सिद्ध पीठों में स्थापित प्रतिमाओं के सामने माता ब्रम्हचारिणी का आह्वान किया गया और माता को समस्त श्रृंगार अर्पित कर दुर्गा सप्तसती के पाठ किए गए। वहीं शहर के समस्त माता के मंदिरों में सुबह 4 बजे से ही जल ढारने भक्त पहुंचे। जल ढारने का यह क्रम सुबह 8 बजे तक चलता रहा। देवी मंदिरों में आकर्षक साज सज्जा की गई, देवी के दरबार रोशनी से जगमगा रहे है।




शहर के कुछ मंदिरों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूप रेखा को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मंदिरों में मंडली के द्वारा जस के आयोजन शुरू हो गए है। नगर के प्रमुख मंदिरों में कलश जवारे रखे गए है। सुबह 8 बजे माता की आरती पूजा के बाद भक्तों को प्रसाद वितरण के कार्यक्रम भी आयोजित हो रहे है। वहीं शाम की आरती की तैयारियां पूरे जोर शोर से पंडालों में व मंदिरों में हो रही है। शाम की आरती मंदिर पंडालों में भाव के खेलने के साथ भी आयोजित हो रहे है।

### आज की जाएगी चंद्रघंटा माता की आराधना

आज शक्ति स्वरूपा व करूणा रूपा माँ चंद्रघंटा माता की पूजा की जाएगी जो शक्ति का तीसरा रूप है। यह रूप परमशांति दायक व कल्याण करने वाला है। पवित्र मन से माता की आराधना करने से इस लोक से लेकर परलोक तक सुधरता है जो कि सद्गति देने वाला माता का स्वरूप है। देवी के मस्तक पर आधे घंटा के आकार का चंद्र है जो सोने के रंग जैसी चमकीला स्वरूप है। जिनकी 10 भुजाएं खड्ग के साथ अन्य अस्त्र शस्त्रों के साथ विभूषित है। सिंह पर सवारी कर देवी की मुद्रा भक्तों को आर्शीवाद देने के लिए तैयार है। इनके घंटे सी भयानक ध्वनि से अत्याचारी दानव, दैत्य राबस कांपते है। माता चंद्रघंटा की साधना से आलौकिक वस्तुओं के दर्शन होते है। दिव्य सुंगधियों का अनुभव होता है। कई तरह की ध्वनियां इनके साधक को सावधान रखती है। देवी की आराधना साधक में वीरता, निर्भयता, सौम्यता, विन्रमता का विकास करती है। इनकी आराधना मन वचन, कर्म के साथ ही काया को विहीन विधि विधान के अनुसार परिशु पवित्र करके माँ के शरणागत होना चाहिए।

### पहाड़ी पर स्थित है नक्खी माता का मंदिर

मण्डला शहर से लगभग 20 किलो मीटर की दूरी पर निवास रोड मे ग्राम बकौरी से लगी पहाड़ी पर नक्खी माता का प्रसिद्ध प्राचीन मंदिर है जहां दूर-दूर से और दूसरे प्रदेशों से भी श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं चैत्र मास की नवरात्रि पर्व पर प्रतिवर्ष यहां पर श्रद्धालुओं के द्वारा घी और तेल के कलश खप्पर यहां की समिति के माध्यम से बोए जाते हैं। श्रद्धालुओं में स्थानीय, जिले भर के, अन्य जिले और अन्य प्रदेश के श्रद्धालु शामिल हैं प्रतिदिन यहां पर सैकड़ो श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। लोगों की मान्यता है कि यहां पर नक्खी माता के मंदिर में आकर जो भी श्रद्धालु मन्नत मांगते हैं देवी मां उनकी मन्नतें जरूर पूरी करती हैं और मन्नत पूरी होने पर श्रद्धालु मंदिर में प्रसाद चढ़ाते हैं, मंदिर को दान दक्षिणा भेंट आदि देकर जाते हैं रामनवमी के दिन यहां का जवारे विसर्जन का कार्यक्रम बहुत ही भव्य और मनमोहक होता है यहां पर शनि सिंगनापुर से स्पर्श एवं प्राण प्रतिष्ठा कराकर शिला को स्थापित किया गया है साथ ही मंदिर में भव्य और सुंदर शनि मूर्ति नौ ग्रह मूर्तियों के साथ विराजित हैं। मंदिर में स्थापना के समय से अखंड ज्योति प्रज्वलित है। मंदिर समिति के अध्यक्ष मान्यता के आधार पर बताते हैं कि गांव मे जब सदियों पूर्व लुटेरा द्वारा आक्रमण किया गया था तब माता पहाड़ी से प्रगट होकर भक्तो को सूचित कर उनकी रक्षा कर मूर्ति रूप मे स्थापित हो गई थीं इससे क्रोधित होकर दानव रूपी लुटेरे माता की नाक काट दिए थे इसी कारण से माता का नाम नक्खी माता के नाम से प्रसिद्ध हुआ। इस नवरात्रि पर्व पर भी श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है और रामनवमी के दिन विशाल जवारे यात्रा का आयोजन होगा।

## माँ नर्मदा तट से जल गंगा संवर्धन का शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/नारायणगंज

जनपद पंचायत नारायणगंज के माँ नर्मदा घाट कुम्भा से जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जल स्त्रोतों संरक्षण एवं पुण्य जीवन के लिए मध्यप्रदेश का सरकार की पहल से जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ 30 मार्च से 30 जून तक 90 दिनों तक चलने वाला यह अभियान जिसमें जगह-जगह जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पून जीवन के लिए कार्य कराए जाएंगे इस अभियान में ग्राम पंचायत कुम्भा में सर्वप्रथम मां नर्मदा जी की आरती एवं पूजा अर्चना के बाद यह अभियान का शुभारंभ जनपद सीईओ गौरी शंकर डेहरिया एवं जनपद उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा जनपद सदस्य सुंदरलाल उर्वती एसडीओ कोमल मरावी इंजीनियर उपासना सिंह सरपंच ग्राम पंचायत कुम्भा के अखिलेश मरावी सचिव दीपचंद साहू पी सी ओ पटेल जी स्वच्छता मिशन से संतोष मेश्राम एवं पंचायत के सभी मेंबर और आसपास की जनता इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

### शिवनंदन सेवा समिति के तत्वाधान में नौ दिवसीय अखंड रामायण मानस पाठ का आयोजन प्रारंभ



**नारायणगंज।** प्रतिवर्ष अनुसार नारायणगंज की प्राचीन परंपरा को पुनः स्थापित करते हुए ग्राम की प्रतिष्ठित समिति शिवनंदन सेवा समिति विगत 3 वर्षों से नौ दिवसीय अखंड रामायण मानस पाठ का आयोजन करते आ रही है जो राधा कृष्ण कुटी में प्रारंभ हो चुका है यह कार्यक्रम 30 मार्च 2025 से 7 अप्रैल 2025 तक चलेगा रामचरितमानस के 9 अखंड पाठ के पश्चात हवन पूजन एवं भंडारा का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है शिवनंदन समिति ने बताया कि इस कार्यक्रम में संपूर्ण ग्राम का अभूतपूर्व सहयोग प्राप्त होता है जिनके सहयोग से यह कार्य हम निर्विघ्न रूप से कर पा रहे हैं 9 दिवसीय अखंड ज्योत जलता है और समिति के 30 सदस्य इस कार्य में अपने पूरे सहयोग से राममय होकर सेवा प्रदान करते हैं सभी भक्तों से कार्यक्रम में पहुंच कर सहयोग की अपील की गई है।

## पार्किंग में तब्दील हुआ बच्चों का पार्क, वार्डवासियों की उदासीनता जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला





मण्डला के पड़ाव वार्ड, भगत सिंह वार्ड और नर्मदा कॉलोनी में बने पार्क आज अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहे हैं। जिन स्थानों पर बच्चों की किलकारियां गूंजनी चाहिए थीं और हरियाली की महक फैलनी थी, वहां अब वाहनों की कतारें लगी रहती हैं। पार्कों को अवैध पार्किंग स्थल बना दिया गया है, जिससे उनका मूल उद्देश्य ही खत्म हो गया है।

पार्षद और नगरपालिका की निष्क्रियता पर सवाल उठ रहे हैं, लेकिन इससे भी अधिक चिंताजनक यह है कि वार्डवासी स्वयं इस अव्यवस्था के लिए जिम्मेदार हैं। पार्कों की सुंदरता बनाए रखने की जिम्मेदारी सिर्फ प्रशासन की नहीं, बल्कि स्थानीय नागरिकों की भी होती है। लेकिन यहां लोग अपने स्वार्थ में इन्हें वाहन खड़ा करने की जगह बना चुके हैं।

डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता के घर के सामने बना गार्डन खासतौर पर उपेक्षा का शिकार हो गया है। हरियाली और फूलों की फुलवारी की जगह धूल और धुएं ने ले ली है।

वार्डवासियों की इसी लापरवाही के कारण बच्चों को खेलने के लिए उपयुक्त स्थान नहीं मिल रहा है। यदि नागरिक स्वयं जागरूक होकर पहल करें और इन स्थानों को उनके मूल स्वरूप में वापस लाने का प्रयास करें, तो यह समस्या आसानी से हल हो सकती है। प्रशासन से शिकायत करने से पहले स्थानीय लोगों को खुद अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।

**इनका कहना है :-**

*इस पार्क के सुधार के लिए दो साल पहले 5 लाख रुपए की राशि से टेंडर लगाया गया था, लेकिन अब तक काम शुरू नहीं हुआ है। मैंने टेंडर निरस्त करने की कार्यवाही के लिए भी कहा था, लेकिन वह भी ठंडे बस्ते में डाल दी गई है। ठेकेदार से बात करने पर उन्होंने बताया कि निधि में पैसा ही नहीं है, तो काम कैसे किया जाए? ऐसे में सुधार कार्य अधर में लटका हुआ है।*

*-विनय वरदानी,*
**पार्षद**

### 10 वर्षों से फरार चल रहे वारंटी को थाना बम्हनी बंजर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बम्हनीबंजर।** थाना प्रभारी बम्हनी बंजर में वर्ष 2013 में आरोपी सतीश चन्द्र जाटव के विरूद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 392, 397, 41 के तहत अपराध क्रमांक 219/2013 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। मामले में विवेचना पश्चात आरोपी के विरूद्ध चालान माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। जिसमें मामले के विचारण में आरोपी को माननीय न्यायालय द्वारा 10 वर्ष का कारावास एवं 10 हजार रूपये के जुर्माना के दंड से दंडित किया गया था। प्रकरण में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा अभियुक्त की अपील खारिज करते हुए वर्ष 2019 में 1 माह के भीतर उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया था, किन्तु अभियुक्त लगातार फरार चल रहा था, जिसपर अभियुक्त सतीश चंद्र जादव पिता रामदयाल जादव, नया नगला गली नंबर 08 डेम्पियर नगर थाना कोतवाली मथुरा उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार करने हेतु माननीय न्यायालय चतुर्थ अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मंडला द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा थाना प्रभारी बम्हनी बंजर को अभियुक्त की गिरफ्तारी वारंट की विधिवत तामीली हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त आरोपी के गिरफ्तारी हेतु अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नैनपुर के निर्देशन में थाना प्रभारी बम्हनी बंजर उप निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह भदौरिया द्वारा सहायक उप निरीक्षक मुकेश चौरसिया के नेतृत्व में टीम मथुरा उत्तर प्रदेश भेजा गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त अभियुक्त को मथुरा उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर आज माननीय न्यायालय में पेश किया गया। उक्त वारंट की तामीली में थाना प्रभारी बम्हनी बंजर उप निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह भदोरिया, सहायक उप निरीक्षक मुकेश चौरसिया, प्रधान आरक्षक ओम प्रकाश, महिला प्रधान आरक्षक सुशीला मरावी, आरक्षक रंजीत धुर्वे, आरक्षक शिवराम बघेल, आरक्षक उमराव व सुरेश भटेरे सायबर सेल मंडला की भूमिका रही।

**तीर्थ** | यहां के जवारे विसर्जन पूरे क्षेत्र में रहते आकर्षण का केन्द्र

# आदिवासियों का तीर्थ है चौगान की मढ़िया

*** अनुयायी करते हैं कठिन नियमों का पालन।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



चौगान दरबार में मंडला के अलावा अन्य राज्यो से भी श्रद्धालु आते है। चैत्र नवरात्र पर्व में माता के दरबार में भक्तो का तांता लगा हुआ है। श्रृद्घालु नौ दिनों तक यहां निवास भी करते है। इस मढिय़ा की महिमा दूर-दूर तक है। मढिय़ा 1700 ई.सन से है। चैत्र नवरात्र में मढिय़ा में भक्तो का तांता लगा रहता है। नौ दिनो तक मढिय़ा में विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। चौगान मढिय़ा पत्थर की दीवार के परकोटे से सुरक्षित है, यहां माँ का दरबार है। पंडा पूजन कर भक्तो को धूनी प्रसाद स्वरूप देते है। जिससे भक्तो के सारे मनोरथ पूरे होते है। साल भर में मढिय़ा में चार पर्व चैत्र नवरात्र, शारदेय नवरात्र, कार्तिक पूर्णिमा, शिवरात्रि मनाई जाती है।

जानकारी अनुसार चौगान की मढिय़ा आदिवासियों का तीर्थ स्थान कहा जाता है, मंडला से 30 किमी दूर इस स्थान पर नवरात्रि में विशेष पूजा अर्चना की जाती है, यहां भक्तों की मनोकामना पूरी होती है, लोगों का मानना है कि इस स्थान पर आने से कई बीमारियों से निजात भी मिल जाता है। इस मढिय़ा में ना केवल मंडला जिला बल्कि दूसरे प्रदेशों व जिलों से हर वर्ग के लोग मन्नत मांगने आते है। यहां दरबार में एक चुटकी भभूत खाने और दरबार में माथा टेकने से उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। भक्तों की मन्नत पूरी होने पर यहां भक्तों द्वारा ज्योत कलश की स्थापना कराना जरूरी होता है।

जानकारी अनुसार इस स्थान पर श्रृद्धा रखने वाले भक्तों का मानना है कि चौगान की मढिय़ा में देवी का वास है और लोग यहां दूर-दूर से आकर अपनी मन्नत को पूरी करने के लिए दरबार में प्रार्थना करते है। दरबार में आने के बाद श्रृद्धालु सबसे पहले नारियल, अगरबत्ती के साथ अपनी मनोकामना चौगान की मढिय़ा में स्थापित देवी से कहना पड़ता है और यहां देवी के पुजारी पंडा के सामने अपनी मन्नत की अर्जी लगाते है। इसके बाद पंडा द्वारा लगातार जलती धूनी की एक चुटकी भभूत माँ के आशीर्वाद के रूप में देते है। जिसके बाद इस भभूत को खाने के बाद बीमारियों के दूर होने और अपनी मांगी मन्नत को पूरी होने की बात पंडा कहता है। दरबार के पुजारी का कहना है कि दरबार की माता लोगों की सूनी गोद भरने के साथ बीमारियों को भी दूर करती है। मानसिक रूप से विक्षिप्त यहां दरबार में ठीक हो जाते है। इसके साथ ही यहां कानूनी उलझनों से भी दरबार से निजात मिलता है।

## कृषि मेले में मण्डला का मसाला गुड, शहद और मिलेट्स रहा आकर्षण का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



शासन की कृषि संबंधी योजनाओं के प्रचार-प्रसार व नवीनतम कृषि तकनीक के प्रति जागरूकता के लिये किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में दो दिवसीय संभागीय मिलेट्स फेस्टीवल सह कृषि मेला का आयोजन किया गया। जबलपुर में आयोजित दो दिवसीय ₹संभागीय मिलेट्स फेस्टीवल सह कृषि मेला₹ में मंड़ला का मसाला गुड और मिलेटस उत्पाद मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा।

मेले में फसल विधिकरण और तकनीकी खेती से कृषकों को लाभांवित करने के लिये कई प्रकार के स्टॉल लगाये गये थे। मेले में 200 से अधिक स्टाल लगाए गये थे। जिसमें पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, वन विभाग, दुग्ध संघ, मंडी बोर्ड, बीज निगम, एपीईडीए, ऊर्जा विकास निगम, उर्वरक, बीज, कीटनाशक, एसएचजी एवं एफपीओ आदि विभाग भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।



मण्डला जिले का पूरा सोशल सॉल्यूशंस प्रा.लि. का स्टॉल मसाला गुड, शहद और कोदो के चांवल के कारण मेले में आकर्षण का केन्द्र रहा। कोदो, गुड और शहद में किए गए कार्य के लिए पूरा सोशल साल्यूशंस प्रा.लि.को सहभागिता का प्रमाण पत्र सह सम्मान पत्र प्रदान किया गया। पूरा सोशल साल्यूशंस के डायरेक्टर गजेन्द्र गुप्ता ने बताया कि,उनके कम्पनी के एडवाइजर सुरेन्द्र गुप्ता ने मंड़ला गुड को अदरक और इलाइची फ्लेवर मसाला गुड बनाकर पूरे देश में प्रचलित किया है।

## खबर संक्षेप

### आस्था के दीपों से जगमगा रहे नगर के देवी मंदिर, सुबह से उमड़ रही महिलाओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। इन दिनों चैत्र नवरात्र के चलते जहां नगर में चारों ओर धर्म का वातावरण दिखाई पड़ रहा है। वही शहरवासी अपनी सुध बुध खोकर अपने घरों से लेकर मंदिरों में माँ दुर्गा की पूजा, आराधना करते हुए देखे जा रहे है। वही सुबह की बेला में नगर के देवी मंदिरों में जल ढारने के लिए महिलाओं की लगातार भीड़ देखी जा रही है। इसी प्रकार से शाम के वक्त प्रतिदिन मातारानी की महाआरती में शामिल होकर लोग पुण्यलाभ प्राप्त कर रहे है। इस प्रकार से मातारानी के दर्शन व पूजन के लिए भक्तगणों की सर्वाधिक भीड़ शहर के प्राचीन माँ खेरापति के उस मंदिर में उमड़ रही है जिसमें आस्था के दीप जगमगा रहे है तथा मातारानी के चरणों में नतमस्तक होने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूरी कर रही है। गौरतलब है कि गौड़ साम्राज्य के दौर में निर्मित गढ़ी के पास स्थित इस माँ खेरापति मंदिर में सामप्रदायिक सद्भाव की अलख जगाने वाला है और इसमें बिराजी माँ दुर्गा की पूजन करने वर्ष भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। वही नगर की रक्षा करने वाले माँ खेरापति के मंदिर में सभी लोग अपने घरों में होने वाली शादी विवाह के आयोजनों के उपरांत माता पूजन करने के लिए भी पहुंचते है।

### वाहन चालकों द्वारा फैकी जाने वाली एक आग की चिंगारी कर सकती है किसी किसान को बर्बाद

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। अक्सर देखा जाता है कि लोग अपने शौंक पूरा करने के लिये सड़को पर वाहन चलाते हुये बीड़ी या सिगरेट पीने से नही चूकते है, मगर चल रही गर्मी के दौरान उनकी का यह शौंक निश्चित ही किसी किसान को बर्बाद करने से नही चूकता है। क्योंकि वाहन चलाते हुये इस तरह बीड़ी सिगरेट पीने वालों द्वारा अपना शौंक पूरा करने के बाद बीड़ी सिगरेट के शेष बचे हुये भाग को चलते हुये गाड़ी से ही सड़क किनारे फेंक दिया जाता है सड़क किनरे पड़ा रहने वाला कचरा आग पकड़ लेता है। इस स्थिति में यदि सड़क किनारे किसी किसान की फसल खड़ी होती है तो वह उस आग की चपेट में आने से खाक होने से नही बच पाती है।

### पात्रों हितग्राहियों की जगह अपात्र हितग्राही हो रहे माला माल?


हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा। राज्य और केन्द्र शासन ने प्रदेश के विकास हेतु कई कल्याण कार्य योजनाएं जनता के हितार्थ बना दी है कि उनकों अमलीजामा पहनाना संदिग्ध हो चला है, योजनाओं का कितना क्रियान्वयन हुआ है और क्या उसमें कमी है, इसकी सूक्ष्मता से जांच होना बहुत जरूरी हो गया है? क्योंकि शासन द्वारा चलाई जा रही इन योजनाओं को आम लोगों को लाभ मिलने की सच्चाई पर गौर किया जावे तो संबंधित विभाग द्वारा अपनी कलाबाजी के चलते कागजी आंकड़ों में योजनाओं को सफल बता दिया जाता है? इसके लिए जिम्मेदार होते है नौकरशाह और अफसरशाही वर्ग जो कि नेताओं को गुमराह कर योजनाओं की नीतियों को सफल क्रियान्वयन होना तो बता देते है, परंतु नतीजा शूल्य ही होता है? म.प्र शासन के मुखिया ने जिस प्रकार से आम लोगों का भला करने की सोच के चलते जहां अनेक प्रकार की योजनाओं की झड़ी लगा दी है, परंतु गौर करने वाली बात तो यह है कि इन योजनाओं की परिणति क्या हुई होगी इसका अंदाजा पूर्व से लेकर अब तक ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधि बने बैठे पार्टी के हम दर्दो द्वारा ही प्रदेश के मुखिया की योजनाओं को किस प्रकार से क्रियान्वयन किया है उसकी सच्चाई मात्र कागजों में तो दिखाई दे रही है? प्रदेश मे पंचायतीराज, भ्रष्टाचार इर्शाद्वेष एवं भाई भतीजावाद के आधार पर चल रहा है, पंचायतों के माध्यम से जिन योजनाओं के कार्य सौंपे जाते है उनमे सही एवं पात्र लोगों को लाभ न मिलकर अन्य लोगों को इसका लाभ मिल जाता है, जिसका उदाहरण इस समय सरकार द्वारा पंचायतों के माध्यम से बनाये जा रहे प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य कार्यो में आसानी से देखा जा सकता है? जिन पंचायतों मे आदिवासी सरपंच है एवं महिला सरपंच है उनके कर्ताधर्ता उप सरपंच या सचिव ही होते है जो प्रमुख रूप से देखा जावे तो अधिकांश सामान्य या अन्य वर्ग के होते है जो भाई भतीजावाद के आधार पर सरपंच को गुमराह करते हुए शासन की राशि पर पलीता लगाने में कोई कसर नही छोड़ते है ? शासन को उक्त समस्त योजनाओं की पुनः खोज खबर लेनी होगी ताकि प्रदेश सरकार को अपनी महत्ता के साथ साथ अपनी ही पार्टी के पंचायत स्तर पर बैठे जनप्रतिनिधियों की पंचायतों की जांच होना जरूरी दिखाई पड़ रह है। क्योंकि देखा जाता है कि अक्सर पार्टी के लोग ही अपने नेता को मलाई खाने के चक्कर में बर्बाद कर देते है..?

# रविवार को चांद का दीदार होने के चलते सोमवार को मुस्लिम भाईयों द्वारा धूमधाम के साथ मनाया ईद का त्यौहार, खुदा से मांगी गई नगर सहित देश व प्रदेश की खुशहाली के लिये दुआ, हिन्दू मुस्लिम त्यौहारों के बीच धार्मिक आयोजनों के संगम में डूबा शहर





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। इन दिनों नगर पूर्णरूप से धार्मिक आयोजनों की संगम डूबा हुआ नजर आ रहा है। क्योंकि जहां चैत्र नवरात्र के चलते मंदिरों में सुबह शाम घंटी व झालरों की आवाज गूंजते हुये सुनी जा रही है तो दूसरी ओर मुस्लिम भाईयों के रमजान जो भले ही अब समाप्त हो गया है। मगर नगर में जिस तरह दोनों धर्मो के संगम को मिल जुलकर मनाया गया उसके चलते नगर में एकता की मिशाल देखने मिली। मुस्लिम धर्मावलंबियों के पवित्र रमजान माह के 30 रोजे पूर्ण होने तथा रविवार की शाम ईद के चांद का दीदार होने के बाद बीते हुये सोमवार को शहर में मुस्लिम भाईयों का ईद का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वैसे देखा जावे तो निश्चित इस इस दिवस जिस प्रकार त्यौहारों का जो संगम था वह काफी मंगलमय माना जा रहा है। क्योंकि जहां हिन्दू धर्म के प्रमुख चैत्र नवरात्र के बीच मुस्लिम भाईयों का ईद त्यौहार का जो संयोग बना है। वह निश्चित ही शुभ संकेत देते हुये जान पड़ रहा है। इस प्रकार से ईदुल फितर के चलते निश्चित तौर से नगर का माहौल लम्बे अंतराल के बाद पूर्व की तरह देखने मिला। इस वर्ष मुस्लिम भाईयों द्वारा अपना ईद का त्यौहार पूर्ण धूमधाम के साथ मनाया गया है। ज्ञात हो कि पूर्व वर्षो में जिस प्रकार से ईद के पहले से ही नगर के बाजार में जिस प्रकार से सेबईयों, टोपियों की दुकाने सजी हुई देखी जाती थी। वही इस वर्ष भी पूर्व की तरह नजर आई। इस प्रकार मुस्लिम समाज के प्रमुख माने जाने वाले पवित्र रमजान के माह के दौरान रोजे रखने वाले मुस्लिम जनों द्वारा बीते हुये तीस दिनों तक लगातार अपने



घरों से लेकर मस्जिदों में नमाज अदा करते हुये जिस प्रकार से देश, प्रदेश सहित नगर की खुशहाली की अल्लाह से गुहार लगाने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। इस प्रकार से कल ईद के मौके पर भी मुस्लिम भाईयों द्वारा जहां एकत्र होते हुये नगर के ईदगाह पहुंचकर ईद की नमाज अदा करते हुये खुशहाली की दुआयें मांगी गई। क्योंकि लगातार दूसरे वर्ष बडे संयोग के बीच चैत्र नवरात्र व मुस्लिम समुदाय का ईद त्यौहार पड़ना इस बात का संकेत देने से नही चूक रहा है कि शीघ्र ही अब देशवासियों को आने वाली दिनों में सभी प्रकार के संकटों से मुक्ति मिलने वाली है। इन त्यौहार के विशेष संगम से हिन्दू व मुस्लिम भाईयों ने अपने अपने त्यौहारों को शासन के आदेशों का पालन करते हुये हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। जामा मस्जिद के पेश इमाम हाफिज जुवेर आलम साहब ने ईदगाह में ईद की नमाज अदा कराते हुए वतन की तरक्की खुशहाली, अमनो अमान एकता भाईचारे के लिए दुआए की। शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचल के हजारो लोगो ने ईद की नमाज अदा कर अपने रब को याद किया। इस तरह ईद के पावन मौके पर नगर के ईदगाह में सुबह 8.30 बजे सामूहिक रूप से हाफिज जुबेर आलम ने नमाज पढ़ाई गई तो दूसरी ओर जामा मस्जिद शुक्रवारा बाजार तथा पानी की टंकी के पास ईद की नमाज अदा की गई। इस मौके पर व्यवस्थाये बनाने के लिये उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, नगर निरीक्षक विक्रम रजक सहित तहसीलदार प्रियंका नेताम, के आलवा नगर पालिका प्रशासन के अधिकारी वैभव देशमुख मौजूद रहे तो दूसरी ओर राजनैतिक पार्टियों के नेताओं ने ईदगाह के पास पहुंचकर मुस्लिम भाईयों को ईद की बधाई दी गई। इस संबंध में नगर के युवा रमजान खान ने नगरवासियों को ईद की बधाई देते हुये कहा कि हमारे नगर की परम्परा रही है कि सभी धर्म मिलजुलकर मनाते आ रहे है और उसी तरह इस वर्ष भी मनाया गया। वही दूसरी ओर हर वर्ष ईद के दौरान जिस प्रकार से प्रशासन के साथ साथ नगर के लोगों को ईद मनाने के लिये जो सहयोग मिलता रहा है उसे कभी नही भुलाया जावेगा। वही नगर में ईद का त्यौहार पूर्ण धूमधाम के साथ मनाया गया। वही नगर के गुड्डू भाईजान का कहना है कि पवित्र रमजान माह में हमारे घर में रोजे रखे गये थें, अल्लाह की जो इबादत की गई थी उसका नतीजा था कि मुस्लिम भाईयों को ईद का त्यौहार मनाने सुनहरा मौका मिला है। मुझे नाज है कि भाईचारे के लिए महशूर हमारे प्यारे शहर में ईद का त्यौहार मिल जुलकर मनाये जाने की जो परम्परा रही है वह आज भी कायम है। इसी के चलते बीते हुये सोमवार को सभी ने मिलकर मनाया गया और एक दूसरे के गले लगते हुये ईद बधाईयां दी गई। इस वर्ष त्यौहारों का जो संगम देखने मिला है। ईद के साथ साथ नवरात्र के चलते नगर का महौल अनोखा दिखाई पड़ा। इसी प्रकार से अब्दुल फिरोज खान बबलू का कहना है कि निश्चित तौर हम लोगों द्वारा ईद का त्यौहार नगर में सभी के साथ मिल जुलकर मनाया गया। वैसे तो हमारे नगर की एक परम्परा रही है कि सभी समुदायों के त्यौहारों को मिलकर ही मनाये जाते रहे है और मनाते रहेगे। कुछ इसी प्रकार का हाल बीते हुये सोमवार को भी देखने मिला जब ईद व नवरात्र पर्व एक साथ होने से नगर के फिजा में चारो ओर धार्मिक महौल दिखाई दे रहा था। इसी प्रकार से मुजीब खान का कहना है कि हमारे शहर में हिन्दू, मुस्लिम त्यौहरों को सद्भाव के साथ मनाने की जो परम्परा रही है वही निश्चित तौर से अनोखा परिचय देने से नही चूकती है हर बार ईद के मौके पर जिस प्रकार प्रशासन के साथ साथ नगर के लोगों का सहयोग मिलता रहा है उसे हम कभी भुला नही सकते है। इसी प्रकार से इस वर्ष भी हम लोगों द्वारा ईद का त्यौहार सभी के साथ मिलकर बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। वही इस मौके पर जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष अबरार खान ने स्थानीय प्रशासन पुलिस विभाग नगर पालिका द्वारा दिए गए सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। इसी प्रकार से समीपस्थ सांईखेड़ा, चीचली, खुलरी, कल्याणुपर सहित अन्य जगहों पर भी ईद का त्यौहार पूर्ण शांति के साथ संपन्न हुआ।



## भगवान झूलेलाल जयंती के मौके पर सिंधी समाज द्वारा नगर में वाहन रैली सहित भव्यता के साथ निकाली गई शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। हमारे नगर की जो परम्परा रही है कि सभी धर्म के त्यौहारों को जिस तरह मिल जुलकर धूमधाम के साथ मनाया जाता है। वह परम्परा आज भी युवा वर्ग में देखने मिल रही है। क्योंकि इस समय चल रहे नवरात्र के साथ ही मुस्लिम भाईयों का रमजान त्यौहार तथा सिंधी समाज के झूलेलाल जयंती के मौके पर जिस प्रकार से नगर में त्रिवेणी का संगम देखने मिला और सभी वर्ग के लोग इन त्योहरों में शामिल होकर इस तरह प्रतीत होते हुये देखे जा रहे थें कि मानों वह कुंभ में शामिल हो चुके है। इस प्रकार से बीते हुये रविवार को भगवान श्री झूलेलाल जयंती के मौके पर नगर के सिंधी समाज द्वारा बडे ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस संबंध में भारतीय सिंधु सभा के महामंत्री शंकर हेमावनी द्वारा जानकारी देते हुये बताया कि सुबह 8:00 बजे नगर के हृदय स्थल झंडाचौक से दीप प्रज्ज्वलित व आरती के बाद प्रसाद बांटा गय। वही इसके उपरांत नगर के मुख्य मार्गो से स्कूटर रैली निकाली गई। जो प्रमुख मार्गो से होते हुए झूलेलाल मंदिर में पहुंचाने के बाद समाप्त हुई। वही दोपहर 11:00 से भोग साहब की समाप्ति कर भगवान श्री झूलेलाल जी के भजन कीर्तन मंदिर के भाई साहब राजेश भाई उदासी वा राजकुमार उदासी द्वारा भगवान श्री झूलेलाल जी के भजन कीर्तन पर सभी बुजुर्गों व युवा साथियों एवं महिलाओं ने जमकर डांडिया व डांस किया करते हुये आयोजन में अन्य लोगों को भी झूलेलाल जी की भक्ति में लीन होने के लिये मजबूर कर दिया था। वही इस आयोजन के बाद भगवान श्री झूलेलाल जी आरती के बाद छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाया गया। वही दोपहर 2:00 बजे भोजन प्रसादी हुआ आम भंडारा आयोजन में सैकड़ो लोगों ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की गई। तो शाम 5:00 बजे मंदिर से भगवान श्री झूलेलाल जी जुलूस निकल गया जो मन्नत कंपलेक्स से होते हुये झंडा चौक, सराफा बाजार से होते हुये पुराना गल्ला मंडी पहुंचा जहां पर सभी सामाजिक बंधुओं सहित समाजसेवी संस्थाओं द्वारा फूल बरसाने के साथ स्वागत किया गया। निकाले गये इस जुलूस में आकर्षण का केंद्र भगवान श्री झूलेलाल की का स्वरूप वा माता दुर्गा जी का बाल स्वरूप की झांकी बनी रही।

## नूरीन फातिमा की ईद खुशियों पर हरिभूमि ने लगाये चार चांद
## जन्म दिवस के मौके पर ईद की बधाई के साथ दिया उपहार

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

मध्य प्रदेश सहित देश के अन्य प्रांतो से एक साथ प्रकाशित होने वाले राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार हरिभूमि अपने पाठको के बीच एक अलग ही पहचान बना चुका है। वही दूसरी ओर हरिभूमि द्वारा आये दिन अपने पाठको के लिये अनेक प्रकार के उपहार प्रदान किये जाते है। इसी प्रकार से हरिभूमि द्वारा वर्तमान में अपने पाठकों के लिये हर माह जन्म दिवस के मौके पर जहां उनके घर पहुंचकर जन्मदिवस की शुभकामनाओं के साथ उपहार प्रदान किये जा रहे है तो दूसरी ओर जन्मदिवस उत्सव के दौरा प्रकाशित किये जाने वाले फॉमेटों का आने वाले नम्बर माह में महा बम्पर ड्रॉ का आयोजन किया जावेगा जिसने सोने का हार, स्कूटी, रेफ्रीजरेटर, एलईडी टी व्ही सहित अन्य प्रकार के उपहार जीतने के लिये भाग्यशाली बिजेता बनने का अवसर तो प्रदान किया जावेगा। मगर हर माह पाठकों को अपने जन्म दिवस के मौके पर उपहार भी प्रदान किये जा रहे है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये सोमवार को हरिभूमि पाठक कुमारी नूरीन फातिमा के जन्म दिवस पर जब हरिभूमि टीम उनके घर उपहार देने के लिये पहुंची तो नूरीन सहित उसके पिता सैयद इस्तेयाक अली सहित पूरा परिवार




खुशी से झूम उठा। क्योंकि इस दिवस जहां कुमारी नूरीन का परिवार अपने घर में ईद की खुशिया मना रहा था। मगर जब जन्म दिवस के बधाई देने के लिये हरिभूमि देने पहुंची और ईद की बधाई के साथ जन्म दिवस की बधाई सहित उपहार पाते हुये नूरीन की खुशी समा नही रही थी। इस तरह नूरीन अपने ही शब्दों में यह बात कहने से नही चूकी की आज हमारे ईद के उत्सव में हरिभूमि ने चार चांद लगाते हुये ईद की खुशियों को डबल कर दिया गया है। इस संबंध में कुमारी नूरीन फातिमा के पिता सैयद इस्तेयाक अली ने कहा कि निश्चित तौर से हरिभूमि अखबार ने क्षेत्र से लेकर प्रदेश व देश की खबरों में अपनी एक अली पहुंचान बनाई गई है। वही दूसरी ओर हरिभूमि सदा ही जन हितैषी खबरों को प्रमुखता देते हुये आम लोगों की समस्याओं के निदान के लिये खड़ी दिखाई देती है। इनता ही नही हरिभूमि द्वारा देश दुनियाँ की खबरों के साथ अपने पाठकों के लिये स्वास्थ्य, मनोरजन, खेल सहित अन्य प्रकार की पढ़ने योग्य जानकारी प्रदान करते हुये देखा जाता है। वही हरिभूमि द्वारा अपनी खबरों को लेकर अपने पाठकों में एक अलग ही विश्वास प्राप्त किया गया है। क स्थानीय स्तर की खबरों को जिस तरह हरिभूमि द्वारा पूर्ण तत्थों के साथ प्रकाशित करते हुये आम लोगों की परेशानियों तथा जनहित की समस्याओं को प्रमुखता के साथ उठाई जाती है उसके चलते हरिभूमि द्वारा अपनी एक अलग ही पहचान बनाई गई। हरिभूमि द्वारा जिस तरह अपने पाठकों के जन्मदिवस को उत्सव के रूप में मनाते हुये उन्हें सम्मानित किया जा रहा है वह निश्चित तौर से अनोखी पहल है। इस तरह हरिभूमि द्वारा शुरू किये गये जन्मदिन उत्सव में हरिभूमि के पुराने पाठकों के साथ साथ नये जुड़ने वाले पाठकों को भी शामिल किया जा रहा है। जो हर माह प्रकाशित होने वाले फार्मेट के माध्यम से हर माह भाग्यशाली विजेता बनने का सौभाग्य प्राप्त कर सकते है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ, जल संरक्षण व संवर्धन के लिए किया श्रमदान




हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।

प्रदेश के मुख्यमंत्री के दिशानिर्देश अनुसार जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च 2025 से 30 जून 2025 तक आइए सुरक्षित कल के लिए जल स्त्रोतों को बचाये के तहत चलाया जा रहा है। इसी के चलते बीते हुये दिवस मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक जय नारायण शर्मा व विकास खंड चीचली समन्वयक सुश्री स्मिता के मार्गदर्शन में वि.ख. चीचली सेक्टर क्रमांक 2 बसुरिया के ग्राम पंचायत पचामा में स्थित प्राचीन बावड़ी में नवांकुर संस्था हरदौल जन सेवा समिति बसुरिया तथा जन शक्ति सेवा समिति उकासघाट, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भमका के तत्वाधान में ग्राम चौपाल एवं स्वच्छता के साथ किया श्रमदान किया गया। ग्राम पंचायत पचामा भटरा में जल गंगा संवर्धन के चलते ग्राम चौपाल कि गई जिसमें ग्राम पंचायत सरपंच ने जल संरक्षण व बावड़ी के बारे में बताया कि यहां तीन - चार फुट पर जल बना रहता है। वही वृक्ष मित्र संस्था से योगेन्द्र सिंह ने जल संरक्षण महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि जल संरक्षण नहीं किया तो भविष्य में जल संकट होना निश्चित होगा। जनपद अध्यक्ष श्रीमति राधा बाई ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार की जल गंगा संवर्धन अभियान में सभी से सहभागिता जरूरत है। क्योंकि जल हैं तो कल हैं। इसी प्रकार से नवांकुर संस्था सचिव रामेश्वर वर्मा ने जल गंगा संवर्धन अभियान के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण संवर्धन कार्य हेतु कार्य किए जा रहे हैं। इस अभियान में अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि , समाजसेवी, आमजन बड़ी संख्या में श्रमदान , स्वच्छता में सहभागी बन रहें हैं। जन शक्ति सेवा समिति अध्यक्ष रामकृष्ण राजपूत ने बताया कि जल संरक्षण व संवर्धन, भूमिगत जल में वृद्धि, ग्रीष्म ऋतु में पशु- पक्षियों को पीने का पानी गर्मी में जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके, इसके लिए प्राचीन बावड़ी में श्रमदान किया जा रहा है। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमति राधा बाई अहिरवार, ग्राम पंचायत पचामा सरपंच भवानी प्रसाद जुदेव, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष शिवम राय, वृक्ष मित्र संस्था योगेन्द्र सिंह, गौ सेवक लीलाधर वर्मा, धनराज विश्वकर्मा शिक्षक, खुमान सिंह नगपुरिया, ओ.पी. वर्मा तथा नवांकुर संस्था जन शक्ति सेवा समिति उकासघाट अध्यक्ष रामकृष्ण राजपूत, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भमका अध्यक्ष श्रीमति नीरू राजपूत, हरदौल जन सेवा समिति बसुरिया सचिव रामेश्वर वर्मा , कवि उमाशंकर राय , ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों से लीलाधर वर्मा , रितेश मेहरा , कमलेश मेहरा, चंद्रकांत गढ़वाल, परमानंद वर्मा , गुलाब पटेल, पुरुषोत्तम साहू, जमना प्रसाद साहू, श्रीमति संध्या वर्मा, स्वप्निल बड़ारया, दशरथ श्रीवास एवं ग्राम जन देवी सिंह वर्मा, संतोष वर्मा पुष्कर राजपूत, अंशुल वर्मा, प्रदीप वर्मा रोजगार सहायक, संदीप वर्मा, तरुण वर्मा, प्राची वर्मा, राहुल ढिकवार, अमित मुरैया सहित अन्य लोग मौजूद थें।

## प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 2025 का शुभारंभ आज से स्कूल चलें हम अभियान एक से चार अप्रैल तक उत्सह के बीच रहेगा जारी

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। क्षेत्र में नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2025-26 की शुरूआत आज एक अप्रैल से स्कूल चलें हम अभियान के रूप में की जायेगी। अभियान के दौरान क्षेत्र में एक से चार अप्रैल तक प्रतिदिन शालाओं में कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विस्तृत निर्देश जारी किये जा चुके है। अभियान के दौरान सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। क्षेत्र के साईंखेड़ा एवं चीचली ब्लॉक मे अनेक प्रायमरी, मिडिल, हाई और हायर सेकण्डरी स्कूल हैं। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में जन-प्रतिनिधियों को शामिल कराने के निर्देश विभाग ने दिए है। इस दौरान छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें वितरित की जायेंगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने ऐसी व्यवस्था की है कि नये शैक्षणिक सत्र की शुरूआत में विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तकें मिल जायें। इस संबंध में विभाग द्वारा निर्देश जारी कर दिये गये हैं। प्रवेश उत्सव के समय ग्राम और बसाहट के शाला से बाहर रहे चिन्हित बच्चों का शाला में नामांकन कराया जायेगा। बच्चों के अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जायेगा। वही कक्षा-1 से 8 तक सभी शालाओं में एक अप्रैल को बालसभा का आयोजन किया जायेगा। इस दिन शालाओं में विशेष भोजन की व्यवस्था भी किये जाने के आदेश है। वही स्कूल चलें हम अभियान के दूसरे दिन शालाओं में "भविष्य से भेंट" कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रबुद्ध और सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट के लिये आमंत्रित किया जायेगा। इसी दिन स्थानीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धियाँ हासिल करने वाले खिलाड़ी, साहित्यकार, कलाकार, मीडिया, संचार मित्रों, पुलिस अधिकारी, राज्य शासन के अधिकारी को विशेष रूप से आमंत्रित किये जाने के निर्देश जारी हुए है। आमंत्रित अतिथि उपस्थित बच्चों को पढ़ाई के महत्व और प्रेरणादायी कहानियाँ सुनायेंगे। इस दौरान सामाजिक संस्था एवं आमंत्रित व्यक्ति स्वैच्छा से विद्यार्थियों को शाला उपयोगी वस्तुएँ भेंट कर सकेंगे। वही अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती कलावती ब्यारे ने जारी आदेश के माध्यम से क्षेत्रीय अधिकारियो व कर्मचारियो को किसी एक शाला में जाकर एक कालखण्ड में बच्चों के साथ संवाद करने के लिये संवाद करने के भी निर्देश दिये हैं। स्कूल चलें हम अभियान" के अंतर्गत 3 अप्रैल को शाला स्तर पर पालकों के साथ सांस्कृतिक एवं खेल-कूद की गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी। इसका उद्देश्य पालकों का विद्यालय से जुड़ाव करना है।

## खबर संक्षेप

### जुआ खेलते भाजपा पार्षद गिरफ्तार

**अनूपपुर।** बाडीखार के जंगल में घेराबंदी कर छापामार कार्यवाही किया गया तो जुआड़ी 52 ताश के पत्तो पर रुपयो पैसो से हार- जीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे थे, जिन्हे पुलिस टीम की मदद से आरोपी मनोज कुमार पिता अमरनाथ दीक्षित उम्र 60 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 18 सुन्दर नगरी भालूमाडा व सुशील कुमार उर्फ चुन्ना पिता शेषमणि तिवारी उम्र 46 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 18 सुन्दर नगरी भालूमाडा को पकडा गया जिनके कब्जे से 52 ताश के पत्ते व 8040 रुपये एवं 3 मोटर सायकल जप्त किया गया एवं तीन जुआड़ी पुलिस को देखकर जंगल का फायदा उठाकर भाग गये उनके विरुद्ध के अप.क्र 146/2025 धारा 13 जुआं एक्ट का अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया।

### जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किया गया श्रमदान



**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद अनूपपुर के द्वारा आज माननीय मुख्यमंत्री एवं जन अभियान परिषद के अध्यक्ष डॉ मोहन यादव जी के आह्वान पर प्रदेश भर में जल संरक्षण हेतु चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सोन नदी मे सामुहिक श्रमदान किया गया इस दौरान नदी के बरबसपुर तट पर फैले कचरे की सफाई हेतु कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल की अगुवाई में जन अभियान परिषद की टीम ने नदी में फैली प्लास्टिक, गाद को खत्म करने हेतु 1 घण्टे श्रमदान किया। ज्ञात हो कि विगत दिवस जल गंगा संवर्धन अभियान की बैठक मे कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पंचोली द्वारा सोन नदी में लगातार बढ़ती हुई गन्दगी को देखते हुए जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पाण्डेय को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सामूहिक साप्ताहिक स्वक्षता श्रमदान चलाने के निर्देश दिए गए थे जिसके परिपालन में जन अभियान परिषद द्वारा प्रत्येक शनिवार को अनूपपुर नगर में स्थित सोन सहित सभी नदियो में स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम करने का निर्णय लिया है। श्रमदान कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पाण्डेय, ब्लाक समन्वयक फते सिंह,अनूपपुर विकासखंड के सभी परामर्शदाता व सी एम सी एल ड़ी पी छात्र, नवांकुर प्रतिनिधि, प्रस्फुटन समिति सदस्य समाजसेवी अरुण सिंह, फुक्कू सोनी उपस्थित रहे। जल गंगा सवर्धन अभियान का प्रमुख उदेश्य जल संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करना व जल स्त्रोतों के रख रखाव प्रति आम जन को जागरूक करना है। नदी देवी स्वरूपा होती है हम इसमे आते जाते कचरा न डाले हमेशा इसे स्वच्छ व निर्मल रखें जल है तो कल है जल ही जीवन है।

### गांजा बिक्री मामले में एसआई, एएसआई लाइन अटैच

**अनूपपुर।** पुलिस जिन पर कानून की रक्षा का जिम्मा होता है, जब वही नियम-कायदों को ताक पर रखकर 'खेल' करने लगें, तो सवाल उठना लाजमी है। कुछ ऐसा ही मामला सामने आया है भालूमाड़ा थाना में, जहां कानून के रखवालों ने खुद ही कानून तोड़ने की 'डील' कर ली। परिणामस्वरूप, पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान ने सख्त कार्रवाई करते हुए एसआई राघव बागरी और एएसआई अरविंद राय को तत्काल प्रभाव से लाइन अटैच कर दिया। मामला 25 मार्च की रात का है, जब भालूमाड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम शिकारपुर में गांजा तस्करी की सूचना पर पुलिस ने आरोपियों का पीछा किया। बताया जा रहा है कि आरोपी मौके से भाग खड़े हुए, लेकिन उनके द्वारा छोड़ा गया लगभग 80 किलो गांजा एएसआई अरविंद राय ने जब्त करने के बजाय किसी 'गौतम' नामक व्यक्ति को बेच दिया। दिलचस्प बात यह रही कि थाना प्रभारी को इसकी भनक तक नहीं लगी। लेकिन कहते हैं न, चोरी के पांव नहीं होते। जब इस गोरखधंधे की शिकायत पुलिस अधीक्षक तक पहुंची, तो कार्रवाई होना तय था और राय को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया। दूसरी ओर, भालूमाड़ा थाना में पदस्थ एसआई राघव बागरी की भूमिका भी कम संदिग्ध नहीं रही। सूत्रों के मुताबिक, बागरी ने गश्त के दौरान रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर जानबूझकर आंखें मूंद लीं। यानी 'चुप्पी' का कुछ खास मोल चुकाया गया होगा! यह मामला सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक ने उन्हें भी बिना देर किए लाइन हाजि दिया। भ्रष्टाचार चाहे छोटे स्तर पर हो या बड़े, कानून से बड़ा कोई नहीं। अनूपपुर पुलिस अधीक्षक ने इस कार्रवाई से यह साफ कर दिया है कि यदि पुलिसकर्मी अपने कर्तव्यों से भटकते हैं, तो उनकी जगह वर्दी में नहीं, बल्कि लाइन में होती है।

## हर्षोल्लास से मनाया गया ईद का पर्व

### रंग बिरंगे वस्त्र धारण कर ईद की विशेष नमाज अदा करने पहुंचे समाज के लोग

डिंडौरी



करंजिया विकासखंड अंतर्गत कस्बा गोरखपुर सहित अंचल में सोमवार को ईदु का पर्व हर्षोल्लास और उत्साह से मनाया।इस मौके पर रंग बिरंगे वस्त्र धारण कर ईद की विशेष नमाज अदा करने पहुंचे धर्म के सभी वर्ग के लोगों को धर्म गुरु ने अपने प्रवचन में पर्व के महत्व व भाईचारा के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान कर विधिवत नमाज संपन्न कराया। नमाजोपरांत इमाम ने ईद का खास खुत्बा पढ़कर सुनाया, फिर सभी नमाजियों ने अल्लाह से सामूहिक रूप से दुआं में हाथ उठाकर जगत के कल्याण के लिए प्रार्थना की। इसके बाद धर्मावलंबियों ने एक दूसरे से गले मिलकर पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी। गौरतलब हैं कि पर्व को लेकर कस्बा में समाज के लोग सुबह से ही उत्साहित थे। खासकर नन्हें मुन्नों के चेहरे पर अलग खुशी झलक रहीं थी।

#### सेवईयों से कराया मुंह मीठा

-ईद पर्व के पावन अवसर पर मुस्लिम परिवारों ने अपने परिचितों, दोस्त, शुभचिंतकों को दावत पर बुलाकर सेवइयां से मुंह मीठा कराकर मीठी ईद मनाया। इस दरमियान पकवान का लुत्फ उठाने पहुंचे मित्र मंडली ने आपस में गले मिलकर पर्व की बधाई दी। इस प्रकार दिन भर लोग ईद की मुबारकबाद देने एक दूसरे के घरों में जाते देखे गए। मेल मिलाप का यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा। इस खास मौके पर बच्चों, जवानों ने अपने बड़े बुजुर्गो से ईदी के रूप में नगद राशि प्राप्त कर जीवन में सफल रहने का आशीर्वाद लिया वहीं नटखट बच्चें अपने परिजनों से ईद की मनचाही मांग पर अड़े रहें। हालांकि थोड़े न नुकर के बाद बच्चें ईदी लेने तैयार हो गए। इस रुठने मनाने के दृश्य ने उतने समय तक कौतूहल बनाएं रखा। बहरहाल बच्चों ने अपनी जिद मनवा लीं। ईद पर्व पर कस्बा के जनप्रतिनिधि समाजसेवियों ने मुस्लिम धर्मावलंबियों से गले मिलकर बधाई और शुभकामनाएं दी।

## बैठक का आयोजन कर गौवंश तस्करी रोके जाने सौंपा ज्ञापन



**डिंडोरी।** रविवार के दिन अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल एवं समस्त हिंदू समाज सेवकों साथ डिंडोरी जिला के शाहपुरा ब्लॉक में शिव परिसर धाम में आज महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें डिंडोरी जिले में बड़े स्तर पर गौ वंस तस्करी और ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे धर्मांतरण जैसे अपराधी कार्यों की रोकथाम एवं संगठन विस्तार व हिंदू एकता के लिए नगर के "सभी ग्राम वार्ड तहसील में सामूहिक हनुमान चालीसा केंदो का शुभारंभ करना जैसे कार्यो विषयो मे महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया डिंडोरी जिला के शहपुरा एवं डिंडोरी एवं डिंडोरी से लगे अन्य जिलों कि सीमाओं में विगत कुछ दिनों से बड़े स्तर पर गो वंश तस्करी का गोरख धंधा कुछ विधर्मियों के सहयोग से फल फूल रहा है, जिसके विरोध में संगठन के कार्यकर्ता एवं हिन्दू समाज सेवकों के साथ मिलकर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शहपुरा पुलिस थाना प्रभारी अनुराग जामदार को ज्ञापन देकर सख्त कार्यवाही करने मांग करते हुए हिंदू समाज विरोधी (धर्मांतरण ) जैसे कार्यों की रोकथाम के लिए पुलिस प्रशासन से सहयोग की अपेक्षा कर ज्ञापन दिया और यह मांग की गई है की तत्काल जिला प्रशासन व जिला पुलिस ऐसे समाज विरोधी सनातन धर्म विरोधी कार्यों पर तत्काल रोकथाम कर सख्त कार्यवाही करें, अन्यथा की स्थिति मे संगठन के द्वारा का जिला प्रशासन के विरोध संगठन के समस्त कार्यकर्ता एवं सनातन धर्म प्रेमी में सड़कों पर उतरने मजबूर होंगे। बैठक में उपस्थित अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष जितेंद्र विश्वकर्मा, हिमांशु अग्रवाल, जिनेंद्र सिंह और संगठन के अन्य कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ हिंदू समाज सेवक जन उपस्थित रहे।

## पृथ्वी सेना चांदपुर ने जीता एमपीएल प्रतियोगिता का खिताब



**अमरपुर।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत चांदपुर में पृथ्वी सेना द्वारा जिले भर में पिछले 4 वर्षो से पर्यावरण एवं जल संरक्षण का कार्य करती आ रही हैं। इसके प्रचार प्रसार के लिए पृथ्वी सेना चांदपुर क्रिकेट प्रतियोगिताओं में लगातार हिस्सा लेती हैं। जिसमें इस वर्ष ग्राम सिंधौली मोहगांव में आयोजित एमपीएल टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लिया एवं फाइनल में सफलता पूर्वक पहुंच कर पृथ्वी सेना और मोहगांव का फाइनल मैच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पृथ्वी सेना ने निर्धारित 10 ओवर में 130 रन बनाकर 131 रनों का लक्ष्य सिंधौली मोहगांव के लिए रखा। जिनमें से अर्पित तिवारी ने नाबाद 42 रन, उमेश ठाकुर ने 22 रन, संजय बनवासी ने 20 रन एवं पूरन ने 26 रनों की नाबाद पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मोहगांव सिंधौली की टीम महज 70 रन ही बना सकी। पृथ्वी सेना की ओर से गेंदबाजी करते हुए बेटू और प्रवीण ने 2-2 विकेट, पूरन और जीतेश शुक्ला ने 1-1 विकेट लिए। साथ ही फाइनल मुकाबला जीतकर पृथ्वी सेना ने खिलाड़ियों और दर्शकों को जलसंरक्षण और वृक्षारोपण का संदेश दिया।

## लापरवाही के कारण मालपुर में सूखने की कगार में जीवनदायिनी मां नर्मदा

शहपुरा



एक ओर मध्य प्रदेश सरकार नदियों तालाबों सहित अन्य जल स्त्रोतों को सहेजने के लिए जल गंगा सवर्धन अभियान चला रही है वहीं दूसरी और मध्य प्रदेश की जीवन रेखा मां नर्मदा की ओर हमारे जिले के शासन और प्रशासन का ध्यान आकर्षित ही नहीं हो रहा है यह बात है डिंडोरी जिले की शहपुरा तहसील के ग्राम पंचायत मालपुर स्थित कन्हैया संगम मां नर्मदा तट की यहां पर मां नर्मदा और कन्हाई नदी का अद्भुत संगम है यहां पर प्रतिवर्ष विशाल मेले का आयोजन किया जाता है साथ ही नर्मदा जन्मोत्सव कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है इस घाट पर शहपुरा सहित उमरिया शहडोल जिले के लोग भी धार्मिक कार्यों के लिए यहां पर आते है यह आस्था का एक बहुत बड़ा केंद्र बिंदु है परंतु विगत कुछ वर्ष पूर्व यहां पर एक ब्रिज का निर्माण कार्य किया गया था और निर्माण कार्य के लिए जल की धारा रोकने के लिए संबंधित ठेकेदार के द्वारा मलबा डाला गया था और ब्रिज का कार्य समाप्त होने के बाद संबंधित ठेकेदार के द्वारा उक्त मलवा वहीं पर छोड़ दिया गया इसके बाद लगातार कई वर्षों तक नदी में बहकर आने वाले अन्य मलवा से मां नर्मदा का घाट पूरी तरह से पट चुकी है जिसके कारण मा नर्मदा की धारा अब धीरे-धीरे बंद हो चुकी है यहां पर आने वाले श्रद्धालु अब डुबकी लगाना तो दूर लोटे से भी जल लेकर स्नान नहीं कर पा रहे हैं आमजन के द्वारा लगातार शासन प्रशासन से यहां की सफाई की मांग की जाती रही है अनुविभागीय अधिकारी शहपुरा जिला कलेक्टर से लेकर राज्य मंत्री एवं केंद्रीय मंत्री को उक्त विषय की जानकारी दी जा चुकी है परंतु आज तक शासन प्रशासन के द्वारा किसी भी प्रकार से कोई जिम्मेदारी भरा कदम इस कार्य के लिए नहीं उठाया गया है जिस कारण श्रध्दालुओ में काफी रोष व्याप्त है।

## अमरकंटक में संतों द्वारा की जा रही चैत्र नवरात्रि की विशेष पूजा-अर्चना

**अमरकंटक।** मां नर्मदा के पावन जन्म स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर अमरकंटक में प्रत्येक आश्रमों मंदिर नर्मदा मंदिर एवं पूरी नगर में विशेष पूजन अर्चन भक्तों के द्वारा संतों के द्वारा मां दुर्गा के अनुयायियों के द्वारा किया जा रहा है जहां पर नर्मदा मंदिर ट्रस्ट के द्वारा घृत का दीपक भक्तों के द्वारा जलाया गया है इस तरह अमरकंटक के प्रमुख आश्रम श्री मार्कंडेय आश्रम अमरकंटक श्री कल्याण सेवा आश्रम अमरकंटक वह अन्य आश्रमों में ही चैत्र नवरात्रि पर हवन पूजन किया जा रहा है आचार्य महामंडलेश्वर ब्रह्म ऋषि रामकृष्णानंद महाराजश्री मार्कंडेय आश्रम अमरकंटक ने बताया कि मार्कंडेय आश्रम में सभी तिथियां पर या विशेष पर्वों पर जगत जननी माता राजराजेश्वरी की विशेष पूजा की जाती है जिसमें से पूरे वर्ष भर में चार नवरात्रि होती हैं एक शारदेय नवरात्रि एक चैत्र नवरात्रि एवं दो गुप्त नवरात्रि होती हैं सभी नवरात्रियों में आश्रम परिसर के मंदिर में विशेष पूजन अर्चन हवन जब श्रृंगार आदि भगवती का किया जाता है। इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र के पावन सु अवसर पर विशेष श्रृंगार दुर्गा सप्तशती का पाठ हवन पूजन किया जा रहा है। इसी तरह श्री कल्याण सेवा आश्रम अमरकंटक में आश्रम के प्रकांड विद्वान पंडितों के द्वारा निशा हवन किया जा रहा है। निशा हवन मैं स्वामी धर्मानंद महाराज ने बताया की आश्रम परिसर में पिछले 28 वर्षों से लगातार अनवरत रूप से दुर्गा सप्तशती का पाठ चल रहा है और आश्रम परिसर में विशेष विशेष पर्व पर हवन निशा हवन का आयोजन किया जाता है जिसमें प्रमुख रूप से शारदे नवरात्रि में एवं चैत्र नवरात्रि पर आश्रम के विद्वान आचार्य पंडितों के द्वारा निशा हवन किया जाता है। पंडित मुकेश पाठक एवं पंडित संदीप ज्योतिषी के द्वारा रात्रि में निशा हवन पूरे चैत्र नवरात्र में किया जा रहा है जिसमें प्रमुख रूप से दो आचार्य पंडित माता भगवती दुर्गा का पाठ करते हैं एवं पांच भक्तों श्रद्धालुओं के द्वारा हवन किया जाता है।



## मन की बात कार्यक्रम

**शहपुरा** - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महात्वाकांक्षी कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण कार्यक्रम30 मार्च को शहपुरा देवी मडिया वार्ड79 बूथ क्र में सुना गया उक्त कार्यक्रम में मुख्य श्रोता मंडला लोकसभा सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते , जिला महामंत्री ज्ञान दीप त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष भजन चक्रवर्ती, राजेश साहू, बाबा ठाकुर, बालमुकुंद सोनी , मनोज सोनी, अरविंद श्रीवास्तव हरीश साहू नितिन गुप्ता बूथ अध्यक्ष कैलाश, महामंत्री,बीएलए सदस्य , भाजपा वरिष्ठ जन एवं नगर के प्रबुद्ध जन उपस्थित होकर कार्यक्रम को सुने।

## तेरे सजदे में सिर झुका, नमन है तुझे, दिल से हजारों सलाम कर दूं



आपसी भाईचारे व सामाजिक सौहार्द के माहौल में एखलास व एहतराम के साथ ईद का त्योहार जिले भर में शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। एक माह से चला आ रहा पवित्र रमजान का पावन महीना ईदगाह में नमाज अदा करने साथ समाप्त हो गया। जिलेभर के विभिन्न ईदगाहों में सिर झुकाकर सजदा किया और विश्व कल्याण की दुआ मांगी गई।

### जिले भर में शांति एवं अकीदत के साथ मनाया गया ईद का त्यौहार





### गले मिलकर दी बधाई, कानून व्यवस्था भी रही पुख्ता

**अनूपपुर।** ईद-उल-फितर का त्योहार सोमवार को जिला सहित कोयलांचल नगरी मे शांति एवं अकीदत के साथ मनाया गया। ईद को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर आया। नमाज के बाद लोगो ने एक दूसरे को गले मिल कर ईद की मुबारकवाद दिया। ईद की नमाज पर क्षेत्र में अमन चैन और खुशहाली की दुआ मांगी गई। ईद पर लोगो ने नये नये कपड़े पहने और सेवइयां खाई। ईदगाह में मेला भी सजा रहा जहां बच्चों के द्वारा खिलौने सहित खाने पीने की वस्तुओं की खरीदी करते नजर आए बच्चों ने झूले का भी आनंद लिया। ईद को लेकर प्रशासन अलर्ट नजर आया। सुरक्षा को लेकर चाक चौबंद व्यस्था बनी रही। सभी मस्जिदों के पास पुलिस बल की तैनाती की गई थी साथ ही पेट्रोलिंग टीम भी लगातार प्रमुख चौराहों पर भ्रमण करती रही।

### अल्लाह को धन्यवाद देने के लिए मनाया जाता त्यौहार

ईद का त्यौहार शव्वाल का चांद देखकर मनाया जाता है, शव्वाल एक अरबी कैलेंडेर के महीने का नाम हैं, जो रमजान के महीने के बाद आता है शव्वाल की पहली तारीख को ईद उल फितर मनाई जाती है, ईद उल फितर को मीठी ईद भी कहा जाता है। इस दिन लोगों के घरों में सेवई या फिर खीर के साथ-साथ कई बेहतरीन पकवान बनाए जाते हैं और फिर लोग एक दूसरे के घर जाकर ईद की मुबारकबाद पेश करते हैं। ईद उल-फितर यानी मीठी ईद रमजान के रोजा की समाप्ति पर सुबह से शाम तक मनाई जाती हैं और महीने भर के रोजा के दौरान शक्ति और धीरज प्रदान करने के लिए अल्लाह को धन्यवाद देने के लिए मनाया जाता हैं। ईद की तारीख हिजरी कैलेंडर की वजह से हर साल बदलती है, यह कैलेंडर चंद्रमा पर आधारित होता है, इसमें चांद की घटती-बढ़ती चाल के अनुसार दिनों की गिनती की जाती हैं, जब एक नया चांद दिखाई देता है और धार्मिक अधिकारियों द्वारा इसकी पुष्टि की जाती है। इसके बाद ही इस्लामी महीना शुरू होता है, नया चांद दिखने के आधार पर ही दुनियाभर में अलग-अलग दिनों में ईद का त्योहार मनाया जाता है।

### जिले भर मे सजदे मे झुके सिर

राजेन्द्रग्राम में भी ईद के मौके पर स्थानीय मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मस्जिद में खुशियों के साथ नमाज अदा की तथा अल्लाह के सजदे में अपना सिर एक साथ झुकाया। जबकि भालूमाड़ा में ईद उल फित्र का पर्व सदभावनापूर्ण व सौहार्द्र के साथ मनाया गया। सुबह भालूमाड़ा ईदगाह में नमाज अदा की गई। नमाज अदाएगी के बाद उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को ईद का मुबारकबाद पेश की। कोतमा नगरीय क्षेत्र में पूर्व निर्धारित समयानुसार ईद की नमाज अदाएगी की गई। नमाज संपन्न होने के बाद सभी नमाजियों ने उपस्थित लोगों को ईद की मुबारकबाद दी वहीं जैतहरी नगर में मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद उल फितर में भी मस्जिद में नमाज अदा की गई।

### कानून व्यवस्था भी रही पुख्ता

ईद-उल-फितर के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा सद्भावना और भाईचारे की गौरवशाली परंपरा को कायम रखने कानून एवं शांति व्यवस्था के तहत अनुभाग अनूपपुर, जैतहरी पुष्पराजगढ एवं कोतमा में पुलिस अधिकारियों की तैनातगी की गई थी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में ईद-उल-फितर के मौके पर नमाज अदा की गई कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कानून व्यवस्था का जायजा लिया।

### शाम को चला सेवइयों का दौर

ईद का त्यौहार मुस्लिम भाईयों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद मुबारक बाद दी है। शाम को एक दूसरे के घर जाकर सेवईयां का भी दौर चला। ईद की खुशी 2 से 3 दिन तक मनाया जाएगा।

### कोतमा मे नपा अध्यक्ष ने दी बधाई

ईद पर कोतमा नगर के इस्लाम गंज, बनिया टोला मस्जिद के साथ लहसुई गांव के पास ईदगाह में सैकड़ो की संख्या लोगों ने ईद की नमाज अदा किया गया। ईदगाह पर नपा अध्यक्ष अजय सराफ, एसडीओपी आरती शाक्य, तहसीलदार ईश्वर प्रधान थाना प्रभारी सुंन्द्रेश सिंह, सीएमओ प्रदीप झारिया सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सड़क किनारे मिले शव को लेकर परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

तेंदूखेड़ा। तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम डोभी में रविवार की शाम को गांव के ही 35 वर्षीय कैलाश पिता मुल्लु वंशकार का शव पेट्रोल पंप के सामने तरफ मिलने से तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को विवेचना में लिया है। चूंकि मृतक के परिजनों का कहना है कि उसकी हत्या की गई है लेकिन मृतक के चेहरे पर एक तरफ जिस तरफ गिरा उसी तरफ के गाल पर छिलने का निशान मिला है बाकी शरीर पर कहीं कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस सारी रात सूत्र जुटाने में लगी रही।सुबह मृतक का पोस्टमार्टम करवाया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले को हर एंगिल से जांच में लिया जा रहा है। कहीं कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी।

### चैत्र नवरात्र पर्व पर श्रीराम कथा व आध्यात्म सतसंग आयोजित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



समापा

ग्राम बेलखेड़ी शेड में पूर्व सरपंच प्रह्लाद पटैल के निवास पर प्रथम दिवस की कथा में पंडित दिनेश पौराणिक चाँदनखेड़ा, लक्ष्मण शास्त्री मेख संचालक विज्ञान शाला बेलखेड़ी, दामोदर दास गोस्वामी संचालक विज्ञान शाला नरसिंहपुर, सरदार पटैल ग्राम उमरा, पंडित नरेंद्र दुबे बेलखेड़ी द्वारा शक्ति की उपासना व मानव कर्तव्य पर अपने प्रवचन केंद्रित किये। विगत 15 वर्षों से चैत्र नवरात्रि पर्व पर अलग- अलग दिवस अलग- अलग भक्तों के निवास पर राम कथा व अध्यात्म सत्संग आयोजित होते रहे हैं। संचालन गोविंद सिंह द्वारा किया गया।

### व्यक्ति ने लगाई फांसी , मौत

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस थाना क्षेत्र स्टेशन गंज मे व्यक्ति द्वार फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ईश्वर ठाकुर के मकान मे किराये से रह रहे मिहीलाल रजक पिता श्याम लाल रजक द्वारा अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का मर्ग पंचनामा तैयार शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।



अमनो अमां एवं सलामती की दुआ, जारी रहा बधाइयों का सिलसिला

# शांति व सौहार्द्रता के साथ मनाई गई ईद



### ईदगाहों और मस्जिदों में अदा की गई नमाज

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। सोमवार को सम्पूर्ण जिले मे हर्षोल्लास के साथ ईद मनाई गई। जिले के सभी ईदगाहों और मस्जिदों में ईद उल फितर की नमाज अदा की गई। इस मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों ने एक महीने के रोजे के बाद ईद की खुशियां मनाई और अल्लाह से अमन-शांति, भाईचारे और देश की तरक्की के लिए दुआ मांगी। जामा मस्जिद के पेश इमाम हाफिज जहीद ने बताया कि ईद के दिन नमाज अदा करने के बाद सभी ने अल्लाह से अपनी दुआओं की कबूलियत की फरियाद की। उन्होंने कहा, हमने अल्लाह से दुआ मांगी कि वह हमारे देश को दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की अता फरमाए। हमारा देश एक विशाल गुलदस्ते की तरह है, जहां सभी धर्मों और जातियों के लोग मिल-जुलकर रहते हैं। वही प्रशासन द्वारा पूरी चैकसी रखी गई।

### नमाज अदा, अमन-शांति की मांगी दुआ

ईद के मौके पर ऐसा महसूस ही नहीं होता कि हम अलग हैं, बल्कि सभी एक-दूसरे को तहे दिल से बधाई देते हैं। हाफिज जाहिद ने आगे कहा कि हर त्यौहार पर देश के नेता सभी को साथ लेकर चलते हैं, जिससे सामाजिक सौहार्द और एकता बनी रहती है। उन्होंने अल्लाह से प्रदेश और जिले की उन्नति के लिए भी दुआ की। ईद के मौके पर जिलेभर में हर्षोल्लास का माहौल रहा। लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और मोहब्बत और भाईचारे का पैगाम दिया। ईद के इस मुबारक मौके पर शहर के आलाधिकारी व राजनैतिक लोग भी मौजूद रहे। इस मौके पर बड़ी संख्या मे मुस्लिम भाई मौजूद रहे।

### पूर्ण हुये रोजेदारों के रोजा

30 दिनों के माह ए पाक रमजान के बाद जब चांद दिखता है, तो ईद की तस्दीक होती है। जिसे लोग ईद उल फितर के नाम से जानते हैं। इस दिन लोग ऊपर वाले से खुशी और अमन, चैन की दुआ करते हैं। कहते हैं, ईद अल्लाह से लेने का दिन होता है, इस दिन मुस्लिम समाज के लोग एक साथ नमाज पढ़ते हैं। अगर किसी को एक दूसरे से कोई गिला शिकवा होता है, तो गले मिलकर उसे दूर करते हैं, साथ ही अमन का पैगाम भी शहर की फिजाओं में छोड़ते हैं। कहा जाता है, रोजे रखने से व्यक्ति के अंदर जो बदलाव आता है, उसका नतीजा ये होता है, कि वह



व्यक्ति न सिर्फ अपने बल्कि समाज के लिए भी बेहतर करने की सोचता है। एक हदीस में आया है, कि हजरत मुहम्मद साहब जब शव्वाल ईद के चांद को देखते, तो कहते, ऐ मेरे रब इस चांद को अमन ओ चैन का चांद बना देश। ईद के बाद रोजेदारों के रोजा पूर्ण हो जाते है ।

### कब्रों पर जाकर मांगी दुआ

मुस्लिम धर्म के लोगों ने सुबह ईदगाह पहुंचकर ईद की नमाज अता करने के बाद कर्बला और नकटुआ कब्रस्तान पहुंचे और अपने पूर्वजों की कब्रों पर पहुंचकर दुआएं मांगकर, खिराजे अकीदत पेश की। तत्पश्चात लोग अपने घर पहुंचे और ईद के खास मौके के लिए बनाई मिठाईयां, खैनी, शीरमाल और सेवैया खाई और एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर ईद की बधाई दी। इस दौरान बच्चों में भी भारी उत्साह देखा गया। करेली स्थित ईदगाह में हाफिज जहीद एवं मदीना मस्जिद में महमूद आलम साहब ने ईद की नमाज अता कराई, इस दौरान मुस्लिम भाईयों ने देश में अमन और चैन की दुआ की। सभी ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी।

### ईद का उत्साह, गले मिलकर दी बधाई

जिले भर में ईद उल फितर का त्योहार बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर शहर के ईदगाह मैदान पर सुबह 8.30 बजे करीब विशेष नमाज अता की गई। जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबी शामिल हुए। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाईयां दी। रमजान माह में 30 दिन रोजे रखने के बाद समापन पर ईद उल फितर मनाया जाता है। मुख्यालय के ईदगाह मैदान पर सुबह पीर अली ने ईद की विशेष नमाज अता करवाई। इस दौरान मुस्लिम धर्मावलंबियों ने देश में अमन चैन और खुशहाली की कामना करते हुए एक दूसरे को ईद की बधाईयां दी। नमाज के बाद सभी एक दूसरे से मिले गलेरू ईदगाह मैदान में ईद की नमाज के बाद बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद के पर्व की बधाईयां दी। सुबह से ही घरों के अंदर ईद पर्व को लेकर सुगंधित पकवान बनाए गए। इस मौके पर सुरक्षा के लिहाज से पुलिस के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

## वैश्य दिवस वाहन रैली का आयोजन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस वैश्य महासम्मेलन तहसील इकाई के तत्वाधान मे वैश्य दिवस गुड़ी पड़वा नवसंवत्सर हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश मंत्री इंजीनियर सुनील कोठारी के मार्गदर्शन में वैश्य दिवस एवं तिलक वंदन का कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर तहसील इकाई, युवा इकाई और महिला इकाई सदस्यों द्वारा वाहन रैली निकाली गई तत्पश्चात सदर मढिया में आए सभी दर्शनार्थियों का तिलक वंदन कर नव वर्ष की शुकामामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश मंत्री इंजी. सुनील कोठारी , श्रीमती संध्या कोठारी, महिला इकाई तहसील अध्यक्ष श्रीमती निशा सोनी, तहसील अध्यक्ष इंजी के के सोनी, पूर्व जिलाध्यक्ष युवा इकाई संदीप नेमा एडवोकेट, तहसील प्रभारी आशीष नेमा (तुलसी), मीडिया प्रभारी संजय राय, कार्यक्रम प्रभारी महामंत्री सुधीर जैन, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी आशुतोष वर्मा, सनी केशरवानी ,विकास नेमा,नीरज साहू, श्रीमती सरिता अग्रवाल ,श्रीमति अर्चना सोनी, श्रीमति श्रृद्धा सोनी, संतोष नेमा सुरेंद्र सोनी जी एडवोकेट नवीन सोनी सहित युवा इकाई से रोहित नेमा षएडवोकेटष, श्रीमती भारती कौरव, श्रीमती सुमन शर्मा, सोमराज कोरी एवं तीनों इकाई के अनेक सदस्यों ने कार्यक्रम में सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया। आगामी 7 अप्रैल को वैश्य महासम्मेलन द्वारा सामूहिक जवारे समिति सदर मढिया प्रांगण में देवी गीत गायन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमे नगर के उभरते गायक कलाकारों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त होगा।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हुआ कंटूर ट्रेंच का निर्माण

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जिले में 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, मप्र जनअभियान परिषद, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और आम नागरिकों को जोड़ा जा रहा है। इस अभियान में जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में अनेक कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में मप्र जनअभियान परिषद गोटेगांव के तत्वावधान में जल संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में ग्राम पंचायत मनकवारा के स्वधान परिसर गणेश प्रतिष्ठान में वर्षा जल के संचय के लिए जल संरचनाओं के लिए कंटूर ट्रेंच का निर्माण किया गया। इसके अलावा जल संरक्षण व संवर्धन विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इस कार्य में नवांकुर संस्था मनकवारा, अकोला, वंदना आदर्श शिक्षा समिति करकबेल तथा सीएमसीएलडीपी के छात्रों व परामर्शदाताओं सहित गणेशपीठाधीश्वर के स्वामीश्री लालबाबा महाराज ने अपनी सहभागिता दी। मप्र जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक जय नारायण शर्मा ने बताया कि जल संरचनाओं के निर्माण से वर्षा का जल वर्षाकाल में संचय किया जाएगा, जिससे भूमिगत जल में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि जल संरक्षण व संवर्धन अभियान के लिए जल संरचनाओं का निर्माण 30 जून 2025 तक जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अंतर्गत किया जा रहा है। वर्षा काल में यहां सघन पौधारोपण किया जाएगा, ताकि यह क्षेत्र हराभरा और जल संचय युक्त बन सके। इस अवसर पर नवांकुर संस्थाओं, सीएमसीएलडीपी छात्रों, परामर्शदाताओं के साथ जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक जयनारायण शर्मा एवं विकासखण्ड समन्वयक गोटेगांव प्रतीक दुबे ने भी अपनी सहभागिता दी।

## एफएलएन मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जिले के समस्त शासकीय प्राथमिक शालाओं में कक्षा पहली एवं दूसरी के छोटे बच्चों के बुनियादी ज्ञान - जैसे समझकर पढ़ना, लिखना, संख्या ज्ञान तथा उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से विगत दिनों एफएलएन मेले का आयोजन किया गया। यह मेला बच्चों के बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान को बढ़ावा देने की दिशा में एक अनोखी पहल है प्राथमिक रूप से कक्षा पहली दूसरी में पढ़ने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों को एक रोचक तरीके से शिक्षा के महत्त्व पर जोर दिया जाता है विशेषतः छात्रों के माता-पिता के लिए. समुदाय में बच्चों के शिक्षण के प्रति जागरूकता निर्माण हेतु आयोजित मेले में तरह तरह की गतिविधियों से बच्चों के शारीरिक और बौधिक विकास के बारे में पालकों को बताया गया तथा एक रिपोर्ट कार्ड भी दिया जाता है, जिसमें उनके बच्चों के शैक्षणिक स्तर की स्थिति एक सरल तरीके से बतायी एकीकृत शासकीय विद्यालय प्रभारी



पियूष चोपावार के साथ प्रथम संस्था प्रतिनिधी मनीराम प्रजापति, रामराजा यादव, जनशिक्षक आर पी शर्मा, द्वारा एकीकृत शासकीय विद्यालय खमतरा का अवलोकन कर सफल रूप देने में योगदान दिया। मेले में जिले के शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारियों और शिक्षकों की विशेष भूमिका रही, और यह सुनिश्चित किया कि पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## सैनिक श्री मरावी को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। बीती रात होमगार्ड में पदस्थ सैनिक स्व. श्री सेवाराम मरावी की रात्रि में सेवा के दौरान सड़क दुर्घटना में देहांत हो गया। स्व. श्री सेवाराम मरावी जिला नरसिंहपुर के ग्राम आलोद के रहने वाले थे। श्री मरावी अपनी सेवाकाल के दौरान विभिन्न थानों में पदस्थ रहकर कानून व्यवस्था ड्यूटियों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। होमगार्ड कार्यालय नरसिंहपुर में पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, सेनानी होमगार्ड टीआर चौहान, रक्षित निरीक्षक मनोरमा बघेल, थाना प्रभारी मुंगवानी संजय सूर्यवंशी, पीसी वीरेन्द्र सूर्यवंशी एवं अन्य स्टाफ के द्वारा स्व.श्री सेवाराम मरावी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

# शक्ति की साधना श्री जी के अभिषेक और रमजान माह में अल्लाह से शांति अमन चैन की कामना



### क्षेत्र में बना धार्मिक वातावरण

तेंदूखेड़ा। इन दिनों जहां संपूर्ण क्षेत्र शक्ति की साधना में लीन बना हुआ है वहीं दिगम्बर जैन मंदिर में श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन चल रहा है। साथ ही खुदा की इबादत का पवित्र महीना रमजान माह की समापन वेला पर सामूहिक नमाज के दौरान शांति अमन चैन की कामना से संपूर्ण क्षेत्र में भक्ति मय वातावरण बना हुआ है। सभी मजहब के लोग अपने अपने इष्टों को मनाने में जुटे हुए हैं। सुबह से ही महिलाएं देवी मठों में पूजन अर्चन जल चढ़ाने के लिए निकल पड़ती है। कोई नंगे पैर तो कोई मौन व्रत धारण कर माता रानी की साधना में लीन बनें हुए हैं।नगर के प्रतिष्ठित खेरापति मंदिर हरसिद्धि मंदिर सिंहवाहिनी बीजासेन और काली मठों में श्रद्धालु बड़ी संख्या में पूजन अर्चन में पहुंच रहे हैं।



### श्री 1008 सिध्द चक्र महामण्डल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ

नगर में दिगम्बर जैन मंदिर परिसर में चल रहे श्री सिध्द चक्र महामण्डल विधान में प्रात काल से ही भक्ति भाव से श्री जी के अभिषेक पूजन के साथ सिध्द परमेष्ठि को श्री सिद्ध चक्र विधान के माध्यम से अर्घ्य समर्पित किये जा रहे है। ब्र संजीव भैया ब्र मनीष भैया पं कमल शास्त्री के कुशल निर्देशन में प्रतिदिन सुबह से देर रात्रि तक विविध धार्मिक अआयोजन आयोजित किये जा रहें हैं। जिसमें सकल दिगम्बर जैन समाज के स्वाजातीय बंधु बड़ी संख्या में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं।

*ईद की नमाज में मांगा शांति अमन चैन

खुदा की इबादत का पवित्र महीना रमजान माह में इस्लाम धर्म के लोगों ने रोजा रखकर देश में शांति अमन चैन की कामना की वहीं ईद के मौके पर नमाज के दौरान एक दूसरे से गले लगाकर मुबारकबाद दी तथा खुशहाली अमन चैन की कामना की।मीठी सिवैयों पकवानों को लेकर दावतें दी गई।

### श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन

शक्ति साधना के महापर्व चैत्रीय नवरात्रि पर्व के दौरान समीपी ग्राम टेकापार में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें भागवत किंकर की उपाधि से विभूषित पं कृष्णकांत शास्त्री के मुखारविंद से भगवान बांके बिहारी की लीलाओं का गुणानुवाद किया जाएगा। समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से श्री राम मंदिर परिसर में आयोजित कथा 6 अप्रेल तक आयोजित है।

## जिला दिगम्बर जैन महासभा की कार्यकारिणी की बैठक संपन्न



तेंदूखेड़ा। विगत दिनों तेंदूखेड़ा में स्थानीय दिगम्बर पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर प्रांगण में जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई जिसमें जिले की सभी तहसीलों के महासभा के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया । बैठक में महासभा के कई एजेंडों पर चर्चा हुई तथा महासभा के रजिस्ट्रेशन की योजना बनाई गई। जिले के सभी सामाजिक परिवारों की गणना करने का निर्णय लिया गया ।व बाहर पढ़ने वाले बच्चों को बेहतर माहौल देने की बात भी रखी गई।बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाले प्रतिभावान बालक बालिकाओं को पुरस्कृत करने का भी प्रस्ताव रखा गया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य श्री विद्यासागर महामुनिराज के चित्र के समक्ष महासभा के सभी कार्यकारिणी पदाधिकारी और संरक्षकों ने दीप प्रज्वलन किया । महासभा के जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन प्रदीप जैन सुभाष जैन व डा प्रकाश जैन ने भी अपने अपने विचार देते हुए कहा कि सबसे बड़ी सेवा मानव सेवा है जिसके लिए हमें सदा तत्पर रहना चाहिए इस दिशा में हमेशा सजगता से काम करने की जरूरत है । देव शास्त्र गुरु की सेवा में हम सबको सदैव अग्रणी रहते हुए हमें अपने इंसानियत के फर्ज भी पूरा करने की जरूरत हैं । जिले में सभी कमेटियां अपना अपना बेहतर कार्य करें।इस अवसर पर नरसिंहपुर गोटेगांव करेली गाडरवारा तेन्दूखेड़ा बरमान सिहोरा आमगांव आदि स्थानों से महासभा के सदस्य उपस्थित रहे।

## तेंदूखेड़ा गाडरवारा सड़क मार्ग पर फिर से दौड़ने लगे यम दूत कंटेनर

तेंदूखेड़ा। एन टी पी सी प्लांट से रख लेकर तेंदूखेड़ा होकर सागर जिले तरफ जाने वाले कंटेनरों का कुछ समय प्रतिबंध लगने के बाद अब इनकी अंधी रफ्तार फिर से शुरू हो गई है। घुमावदार अधिक मोड़ वाली इस सड़क पर इन कंटेनरों की अंधी रफ्तार से अनेकों दुर्घटनायें घटित हो चुकी है। अनेकों लोग असमय काल के गाल में समा चुके हैं। हादसों के चलते सड़कों पर उतरे ग्रामीणों की मांग पर प्रशासन ने दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए इस सड़क मार्ग से इनके संचालन पर यहां से रोक लगाते हुए सांईखेडा तरफ से जाने के लिए निर्देशित किया था कुछ समय तो इस सड़क मार्ग पर इनका संचालन बंद रहा लेकिन अब पुनः बड़ी संख्या में उक्त कंटेनर फिर से अंधी रफ्तार में दौड़ने लगे हैं। रविवार की रात्रि में अंधी रफ्तार में आ रहे एक कंटेनर ने डीजल टैंकर में पीछे से टक्कर मार दी जिससे टेंकर का डीजल सड़क पर बह गया। क्षेत्रीय लोगों ने एक बार फिर से जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मांग की है कि तत्काल प्रभाव से इनके संचालन पर रोक लगाई जाये।